तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **यश डागा बनाम केदारमल** **अपील संख्या 266 / 2019(जीसीएमएस नम्बर 2019 / 00186)**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
04.04.22	पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस पर मनन किया गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया जिससे जाहिर होता है कि उभयपक्ष के मध्य राजीनामा हो जाने के कारण वे राजीनामे के आधार पर अपीलार्थी की हस्तगत अपील स्वीकार कराना चाह रहे है तथा अधीनस्थ न्यायालय के अपीलाधीन आदेश दिनांक 04.09.2019 को निरस्त कराना चाह रहे है जबकि अपीलीय न्यायालय के समक्ष केवल मात्र राजीनामें के आधार पर अधीनस्थ न्यायालय द्वारा गुणावगुण पर पारित आदेश को अनुचित ठहराया जाना न्यायसंगत प्रतीत नही होता है किन्तु उभयपक्ष के मध्य हुए राजीनामा व लोक अदालत की भावना के मद्देनजर प्रकरण अधीनस्थ न्यायालय को रिमाण्ड किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलान्ट आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है तथा अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जयपुर शहर दक्षिण द्वारा पारित अपीलाधीन आदेश दिनांक 04.09.2019 को निरस्त किया जाता है तथा प्रकरण अधीनस्थ न्यायालय को इस निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित किया जाता है कि प्रकरण में उभयपक्ष को साक्ष्य, सबूत, दस्तावेजात इत्यादि प्रस्तुत करने का एवं सुनवाई का समुचित अवसर दिया जाकर प्रकरण में प्रस्तुत राजीनामें के तथ्यों के मद्देनजर प्रकरण में पुनः विधि सम्मत निर्णय पारित करे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। तहत रिकार्ड वापस लौटाया जावें तथा बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया। 4/4/2022 (दिनेश कुमार यादव) संभागीय आयुक्त, जयपुर।	